वर्ष 1 - अंक 29
सोमवार 23 दिसम्बर 2024 - कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

**Ancient Ranjit Hanuman Temple**

## अलसुबह विशाल

# प्रभात फेरी निकाली गई







**इंदौर। हर साल की तरह इस साल रणजीत अष्टमी के मौके पर आज 23 दिसंबर को अलसुबह विशाल प्रभातफेरी निकाली। चार दिनी आयोजन 20 दिसंबर से शुरू हूआ। बीते एक माह से मंदिर में इस विशाल और गौरवशाली आयोजन को लेकर तैयारियां चल रही हैं। सबसे खास बात कि इसे लेकर युवाओं में काफी उत्साह नजर आ रहा है। बीते एक महीने से मंदिर प्रांगण में पहुंचकर युवा अलग-अलग प्रैक्टिस कर की गई।**

सीता जी की लंका में खोज के बाद वापस लौटे थे पवन पुत्र मंदिर के पुजारी पंडित दीपेश व्यास बताते हैं कि "इस अवसर पर रणजीत हनुमान के करीब एक रक्षा सूत्रों का वितरण भी होता है. जो सिद्ध किए हुए रक्षा सूत्र होते हैं." शुक्रवार को इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने मंदिर के लिए ध्वज अर्पित करने के अवसर पर बताया कि "रणजीत अष्टमी के अवसर पर आज यहां भजन पूजन के साथ ही ध्वजारोहण का आयोजन किया गया है, चूकी यह पर्व हनुमान जी द्वारा सीता जी की लंका में खोज कर वापस लौटने पर भगवान राम द्वारा उन्हें रंजीत की उपाधि दी गई थी. इस उपाधि के बाद जिस दिन वह वहां लौटकर आए थे. उस दिन अष्टमी थी, इसलिए रंजीत अष्टमी का आयोजन प्रतिवर्ष रणजीत हनुमान मंदिर में किया जाता है।

हर साल इस प्रभातफेरी का स्वरूप भव्य होता जा रहा है। रणजीत अष्टमी पर्व की शुरुआत इस साल 20 दिसंबर को इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह के हाथों ध्वजारोहण किया। 21 दिसंबर को शाम 7 बजे दीपोत्सव के बाद भजन संध्या का आयोजन किया।

मंदिर परिसर में हजारों दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। 22 दिसंबर को रथ पर विराजित होने वाले विग्रह के साथ ही रक्षासूत्र सिद्ध किए गए। इस साल भी करीब सवा लाख रक्षासूत्र सिद्ध किए जाएंगे, जो भक्तों में निःशुल्क बांटे। मंदिर की भव्य सजावट हो रही है। फूल बंगला भी हजारों किलो फूलों से सजाया जाएगा। इससे पहले बीते एक महीने से यहां श्री हनुमंत ध्वजपथक इंदौर के करीब 150 युवा हर दिन पहुंचक ढोल वादन का अभ्यास किया गया । इनमें 70 युवतियां हैं, जो भी लगातार अभ्यास के लिए आ रही हैं। मिली जानकारी के मुताबिक इनमें कई युवा ऐसे हैं, जो बड़ी कंपनियों में काम करते हैं और अपने काम के बाद यहां आकर अभ्यास कर रहे हैं। बीते साल भी प्रभातफेरी में श्री हनुमंत ध्वजपथक इंदौर के इन युवाओं ने ढोल वादन किया। इसके अलावा कुछ बच्चे भी हैं, जो प्रभातफेरी के लिए लगातार आकर शंख वादन का अभ्यास किया। जय रणजीत भक्त मंडल की पुरुष ध्वजा वाहिनी ने भी ध्वजा अभ्यास शुरू किया गया और तो पूरे यात्रा मार्ग को भी केसरिया ध्वजा से सजाया गया।

### कानपुर का बढ़ा सम्मान

# दिल्ली में होंगी सम्मानित कवियत्री प्रमिला पांडेय

**उत्कृष्ट कवियत्री प्रमिला पांडेय शीर्षस्थ महिला लेखन सम्मान दिल्ली में महादेवी वर्मा सम्मान से हुई सम्मानित**



जनपद कानपुर नगर के साकेत नगर में रहने वाली देश भर में अपनी कविताओं से सबको मंत्र मुग्ध करने तथा देश भर के कई पुरस्कार पाकर सम्मानित हो चुकी उत्कृष्ट कवियत्री प्रमिला पांडेय गीत गजल दोहे छंदमुक्त रचनाओं के साथ उपन्यास लघु कथा कहानी की रचयिता के रूप में जानी पहचानी जाती हैं।सुप्रसिद्ध साहित्यकार प्रमिला पांडेय का हिन्दी साहित्य में विशेष योगदान के चलते उन्हें दिल्ली में महादेवी वर्मा सम्मान से सम्मानित किया गया।युवा उत्कर्ष साहित्यिक मंच न्यास के ग्यारहवें वर्ष के अखिल भारतीय वर्षिक कार्यक्रम साहित्योत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन हिन्दी भवन में किया गया। आयोजन में कवियत्री प्रमिला पांडेय को नगद राशि तथा सम्मान पत्र से पुरस्कृत किया गया। सम्मान समारोह में सम्मानित होने की खबर आते ही उनके आवास पर परिजनों को बधाई देने का ताता लग गया।

## विगत चार महा पूर्व पुलिस थाना बाणगंगा क्षेत्र से एक युवती घर से बिना बताए कहीं चली गई, रिपोर्ट दर्ज



जिसकी गुमशुदा की रिपोर्ट थाना बाणगंगा में दर्ज की गई नाबालिक लड़की के चाचा गोपाल ने बताया कि हम नंद बाग कुसुम ठाकुर के मकान में निवास करते दिनांक 10 8 2024 को मेरी भतीजी घर से बिना कुछ बोले चली गई थी जिसकी रिपोर्ट हमने थाना बाणगंगा में दर्ज कराई है लड़की की मां ने बताया कि मेरी बेटी को कोई बेहला फुसलाकर ले गया है मुझे शंका है कि उसके साथ कोई जनहानि ना हो इसलिए मैं पुलिस थाना बाणगंगा में रिपोर्ट दर्ज कराई पुलिस थाना बाणगंगा ने धारा 137, (2) के तहत मुकदमा दर्ज लड़की की तलाश में जगह-जगह टीम लगाकर कार्रवाई की लेकिन आज दिनांक तक उसे लड़की का कोई पता नहीं है।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आज निवास स्थित समत्व भवन में MPPSC अभ्यर्थियों के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की



**इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार अभ्यर्थियों की मांगों पर सकारात्मक और सहयोगी दृष्टिकोण से विचार कर रही है।**

प्रतिनिधि मंडल द्वारा रखी गई मांगों के निराकरण के लिए उचित निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। विभिन्न विभागों के रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी है, आगामी समय में अधिक पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी होंगे।

# सुशासन दिवस एवं वीर बाल दिवस को लेकर भाजपा कार्यालय पर महत्वपूर्ण बैठक संपन्न






इंदौर।।रिपोर्ट अनिल चौधरी। जावरा कंपाउंड स्थित भाजपा कार्यालय पर 25 दिसंबर को श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्मजयंती एवं 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में नगर अध्यक्ष श्री गौरव रणदिवे ने कहां की श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्मजयंती पर सुशासन दिवस प्रतिवर्षानुसार प्रत्येक बूथ पर धूमधाम से मनाया जाना है यह वर्ष श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी वर्ष भी है इस अवसर पर प्रत्येक बूथ पर वाजपेई जी के चित्र पर माल्यार्पण कर स्मृति सभा का आयोजन करना है साथ ही वाजपेयी जी की कविताओं का वाचन भी युवा प्रतिभागियों द्वारा किया जाना है इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं जिन्होंने श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के साथ काम किया हो या उनके कार्यकाल के समय सक्रिय रहे उन्हें सम्मानित किया जाना है इसके अलावा 26 दिसंबर को 10 वे सिख गुरु गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्रों साहीबजादों बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत की स्मृति में वीर बाल दिवस मनाया जाएगा जिसके अंतर्गत मंडल में प्रभात फेरी के साथ ही विशेष सभा का आयोजन किया जाना है जहां साहीबजादों के चित्र लगाए जाएंगे एवं उनके अनुकरणीय साहस एवं बलिदान के बारे में विशेष कर युवाओं के साथ समाज के हर वर्ग को जानकारी दी जाएगी इसके साथ ही सामूहिक रूप से स्थानीय गुरुद्वारा में जाकर शब्द कीर्तन का श्रवण होगा मंडल में आने वाले विद्यालयों में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता , भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता कराई जानी है और शाम के समय में जिला स्तर पर बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

संभाग प्रभारी श्री राघवेंद्र गौतम ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का जीवन सबसे अधिक प्रेरित करने वाला है भाजपा ही नहीं अन्य सभी राजनीतिक दल के लोग भी अटल जी से प्रेरणा लेते थे और और उनकी बात से सहमत रहते थे सुशासन दिवस एवं वीर बाल दिवस को प्रत्येक मंडल में तन्मयता व लगन के साथ हमें मनाना है। सुशासन दिवस में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर श्री प्रकाश राठौर को संयोजक एवं श्रीमती माधुरी जायसवाल एवं श्री दीपक राजपूत को सहसंयोजक बनाया गया है साथ ही वीर बाल दिवस में होने वाले कार्यक्रमों के निमित्त श्री मनदीप सिंह बाजवा को संयोजक एवं श्री ऋषि खनूजा को सहसंयोजक नियुक्त किया गया है।

# राऊ बायपास सर्कल पर फ्लाईओवर की एक भुजा का लोकार्पण, अब यातायात सुगम होगा



अनिल चौधरी

इंदौर। राऊ बायपास सर्कल पर यातायात के बढ़ते दबाव को कम करने के लिए फ्लाईओवर की एक भुजा का लोकार्पण शनिवार को किया गया। इस आयोजन में सांसद शंकर लालवानी और विधायक मधु वर्मा समेत जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

सांसद शंकर लालवानी ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राजमार्ग परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, "इस फ्लाईओवर से न केवल बायपास क्षेत्र में ट्रैफिक सुगम होगा, बल्कि यात्रियों का समय भी बचेगा।"

1.2 किलोमीटर लंबा फ्लाईओवर, 43 करोड़ की लागत

फ्लाईओवर की यह भुजा महाराष्ट्र से इंदौर की ओर आने वाले वाहनों के लिए खोली गई है। यह 1.2 किलोमीटर लंबा है और इसे 43 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। जल्द ही फ्लाईओवर की दूसरी भुजा को भी शुरू कर दिया जाएगा, जिससे यहां का यातायात पूरी तरह सुचारू हो सकेगा।

1 लाख वाहनों को मिलेगा लाभ

राऊ बायपास सर्कल पर रोजाना लगभग 1 लाख वाहनों के यातायात का दबाव होता है और यहां जाम की समस्या से निजात मिलेगी। कार्यक्रम में विधायक मधु वर्मा ने कहा, "यह फ्लाईओवर क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।"




# सच्ची दोस्ती की कहानी आज के दौर की

रवि और अयान , दो गहरे दोस्त, बड़े शहर में नौकरी की तलाश कर रहे थे। दोनों छोटे शहर से आए थे और उनके पास सीमित पैसे थे। उन्होंने एक ही रूम किराए पर लिया और हर मुश्किल को साथ झेला। b एक दिन रवि की नौकरी लग गई, लेकिन अयान को कई महीनों तक काम नहीं मिला। रवि ने अपनी सैलरी से घर का खर्चा चलाया और कभी अयान को यह महसूस नहीं होने दिया कि वह बेरोजगार है। समय बीता और आखिरकार अयान को भी एक बड़ी कंपनी में नौकरी मिल गई। उसकी सैलरी रवि से दोगुनी थी। अयान ने तुरंत रवि का सारा कर्ज चुकाया, लेकिन रवि ने हंसते हुए कहा, "दोस्ती में हिसाब नहीं होता, यार।"

कई सालों बाद, जब रवि बीमार पड़ा और उसे महंगे इलाज की जरूरत थी, अयान ने बिना कुछ सोचे पूरा खर्चा उठाया। उसने कहा, "तेरे बिना मैं यहां तक नहीं पहुंच सकता था। दोस्ती का असली मतलब तूने ही सिखाया है।"

सीखः आज के समय में सच्ची दोस्ती वही है, जो न केवल साथ खड़ी रहे, बल्कि एक-दूसरे को जीवन में आगे बढ़ाने का हौसला भी दे। ऐसी दोस्ती पैसों से नहीं, भरोसे और प्यार से बनाई जाती है।

दोस्ती का अर्थः "मुश्किल वक्त में जो साथ खड़ा रहे, वही सच्चा दोस्त।"


DIGITAL EDITION 4
सोमवार 23 दिसम्बर 2024
नगर भ्रमण पर निकलें
रणजीत
सरकार
रणजीत अष्टमी की
रणजीत टाइम्स अखबार की औंर से
हार्दिक शुभकामनाएं
प्रधान संपादक
गोपाल गावंडे
रणजीत टाइम्स